संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

दूरभाष एवं फैक्स क्रमांक 0751-2343299 Email-dogwalior@yahoo.com

क्रमांक /भवन/सं.का./134/2023 ग्वालियर, दिनांक 15/04/2023

# // विज्ञप्ति //

संभागीय कार्यालय माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. ग्वालियर के कार्यालय संचालन हेतु लगभग 3000–4000 वर्गफीट के भवन की अनुबंध के आधार पर किराये पर आवश्यकता है। भवन छात्रों, अभिभावको एवं दिव्यांग छात्रों के आवागमन की दृष्टि से सुविधायुक्त, भवन में पर्याप्त 20 से 25 वाहनों के पार्किंग की जगह, शौचालय व पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था एवं लिफ्ट की सुविधा होना नितान्त आवश्यक है। रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड एवं न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास उपलब्ध भवनों को प्राथमिकता दी जावेगी।

कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर पर उपलब्ध भवनों को भी प्राथमिकता दी जायेगी। भवन ग्राउण्ड फ्लोर अथवा ग्राउंड फ्लोर एवं फर्स्ट फ्लोर पर पर्याप्त स्थान के साथ होना आवश्यक है।

(2) इच्छुक भवन स्वामी भवन का एरिया नक्शा, नगर निगम का अनुमति पत्र सम्पत्ति कर, रजिस्ट्री की स्वप्रमाणित प्रति तथा भवन के स्वामित्व संबंधी समस्त दस्तावेजों सहित दिनांक 29.04.2023 तक प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में धरोहर राशि रूपये 10000/– (दस हजार मात्र) के डी.डी. जो सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल को देय हो, के साथ सील्ड लिफाफे में जमा करें।

(3) बिना धरोहर राशि के प्राप्त प्रस्ताव मान्य नहीं होगा। किसी भी प्रस्ताव को मान्य / अमान्य करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

**संभागीय अधिकारी**
**माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र.**
**ग्वालियर**